भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2600

जिसका उत्तर 4 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है।

13 अग्रहायण, 1941 (शक)

आधार प्रमाणीकरण सेवाएं

2600. श्री हेमंत पाटील :
श्री विनायक भाऊराव राऊत :
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :
श्री ए.के.पी. चिनराज :
डॉ. हिना विजयकुमार गावीत :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण (डीबीटी) की राशि का आहरण करने के लिए ई-केवाईसी सेवाओं का वर्तमान में उपयोग करने वाले माइक्रो-एटीएम की सूची क्या है;

(ख) आधार के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय द्वारा फैसले के पश्चात आधार प्रमाणीकरण सेवाओं को जारी रखने के लिए व्यापक समाधान जारी करने वाली निजी फर्मों की सूची क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान देश में ई-केवाईसी अन्तरण की माह-वार संख्या कितनी है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान ई-केवाईसी प्रमाणीकरण सेवा शुल्क से यूआईडीएआई द्वारा माह-वार कितना राजस्व अर्जित किया गया है; और

(ड.) यूआईडीएआई द्वारा आधार प्रमाणीकरण सेवाओं से माह-वार कितना राजस्व अर्जित किया गया है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद)

(क) : बैंकों को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा अधिप्रमाणन प्रयोक्ता एजेंसी (एयूए)/केवाईसी प्रयोक्ता एजेंसी (केयूए) के तौर पर नियुक्त किया गया है जो उन्हें अधिप्रमाणन और ईकेवाईसी लेनदेन करने में समर्थ बनाता है। माइक्रो-एटीएम प्रदाताओं को ऐसे बेंकों द्वारा नियुक्त किया जाता है जो भारतीय रिजर्व बैंक और वित्त सेवा विभाग द्वारा विनियमित है।

(ख) : ऐसी कोई सूचना उपलबध नहीं है।

(ग) : सूचना **अनुबंध-I** के तौर पर संलग्न है।

(घ) और **(ड.)** : दिनांक 06.03.2019 की अधिसूचना आधार (आधार अधिप्रमाणन सेवाओं का मूल्य निर्धारण) विनियम 2019 के अनुसार आधार अधिप्रमाणन और ई-केवाईसी सेवाओं पर शुल्क लगाने के लिए यूआइ्रडीएआई द्वारा माह-वार अर्जित राजस्व का विवरण निम्नानुसार है:-

(i) मार्च 2019, 8.20 करोड़ रु.
(ii) अप्रैल 2019, 10.04 करोड़ रु.
(iii) मई 2019, 9.51 करोड़ रु.

******

अनुबंध-I

क्र.सं.	माह	ई-केवाईसी लेनदेन
1	अक्टूबर-16	1275,29,181
2	नवम्बर-16	1305,02,788
3	दिसम्बर-16	1819,48,080
4	जनवरी-17	1872,22,157
5	फरवरी-17	1556,52,502
6	मार्च-17	1715,07,399
7	अप्रैल-17	1651,92,272
8	मई-17	2257,60,743
9	जून-17	3679,16,220
10	जुलाई-17	4261,03,012
11	अगस्त-17	3719,99,340
12	सितम्बर-17	3573,16,560
13	अक्टूबर-17	3721,56,547
14	नवम्बर-17	3574,48,599
15	दिसम्बर-17	2986,83,362
16	जनवरी-18	2712,52,357
17	फरवरी-18	2645,76,118
18	मार्च-18	3711,41,604
19	अप्रैल-18	2224,52,683
20	मई-18	2189,27,570
21	जून-18	2107,08,501
22	जुलाई-18	2440,34,419
23	अगस्त-18	2410,41,090
24	सितम्बर-18	2332,30,642
25	अक्टूबर-18	1976,99,689
26	नवम्बर-18	1530,59,312
27	दिसम्बर-18	766,65,910
28	जनवरी-19	1047,38,359
29	फरवरी-19	885,26,016
30	मार्च-19	688,94,472
31	अप्रैल-19	380,12,194
32	मई-19	410,89,482
33	जून-19	683,79,109
34	जुलाई-19	805,81,971
35	अगस्त-19	917,67,626
36	सितम्बर-19	809,29,282

*****